अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी

अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी,
राम नाम रट लागी अब कैसे छूटे राम नाम रट लागी.....

प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी,
अब कैसे छूटे.....

प्रभु जी तुम दीपक हम बाती,
जाकी ज्योत जले दिन राती,
अब कैसे छूटे....

प्रभु जी तुम मोती हम धागा,
जैसे सोने बीच सुहागा,
अब कैसे छूटे....

प्रभु जी तुम धन वन हम मोरा,
जैसे चंदा बीच चकोरा,
अब कैसे छूटे.....

प्रभु जी तुम गुरुवर हम दासा,
तेरी सेवा करें दिन राती,
अब कैसे छूटे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27959/title/ab-kaise-chutte-ram-naam-ratt-laagi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |